/14

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

**सकारण आदेश**

संवेदक **M/S V.S. Construction (Regd. No-1250091, PAN-FEGPS9867L)** S/O-Ram Vichar Singh, Santoshi Maa Path, Gali No-10 Gaurakshani, PS+PS-Sasaram, Dist-Rostas, Pin-821115 द्वारा कार्य प्रमंडल, सासाराम–01 के अधीन निविदा आमंत्रण सूचना–RRSMP-13/2024-25 के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयण योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत निविदा(टेन्डर आई0डी0–139110) में भाग लिया गया।

संवेदक द्वारा संदर्भित निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सासाराम–01, भभुआ, सिमरी बख्तियारपुर एवं सासाराम–02 से भुगतान से संबंधित साक्ष्य संलग्न किया गया जो अस्पष्ट होने के कारण स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु दिनांक 28.05.2025 को संवेदक को निदेशित किया गया।

तदालोक में संवेदक द्वारा प्रतिवेदन समर्पित करते हुए कार्य प्रमंडल सहरसा से 3311.164 लाख एवं कार्य प्रमंडल गोपालगंज–01 से 2250.73 लाख भुगतान संबंधी 26AS की प्रति संलग्न किया गया।

इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सहरसा का पत्रांक 1142 दिनांक 02.06.2025 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गोपालगंज–01 का पत्रांक 863 अनु0 दिनांक 31.05.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में संवेदक M/S V.S. Construction द्वारा उस प्रमंडल में किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं कराया गया है और न ही इन्हें किसी प्रकार का भुगतान किया गया है।

संवेदक द्वारा Income Expenditure Account for year ended 2023 संलग्न किया गया जिसमें Gross Receipt from Civil Work 54,58,141.00 रूपये तथा Earth filling and cutting से 229445680.00 रूपये तथा Supply of Stone Chips, Sand, Brick etc द्वारा 321608600.00 रूपये दर्शाया गया है। इस प्रकार कुल 556512421.00 रूपये का कुल भुगतान को स्वयं द्वारा Justified करने का प्रयास किया गया है, परंतु CA द्वारा सत्यापित नहीं है। जबकि CMBD की कंडिका 4.4A(a) में स्पष्ट उल्लेखित है कि ATO, CA से Certified होना आवश्यक है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा कई बार अपने अभ्यावेदन में तथ्यों को परिवर्तन किया गया है एवं निविदा में समर्पित ATO Fabricated(फर्जी कागजात) होने के कारण संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक से कारणपृच्छा की गई।

संवेदक M/S V.S. Construction द्वारा दिनांक 14.08.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि साईबर कैफे द्वारा भुलवश गलत कागजात समर्पित कर दिया गया है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक **M/S V.S. Construction (Regd. No-1250091, PAN-FEGPS9867L)** द्वारा कार्य प्रमंडल, मोहनियां के अधीन निविदा (टेन्डर आई0डी0–139110) में फर्जी ATO (फर्जी कागजात) समर्पित करने संबंधी आरोप के आलोक में बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) एवं 11(ख)(i) में विहित प्रावधान के आलोक में 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(मो0 सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–99 / 2025 9323 / पटना, दिनांकः– 29.8.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–99 / 2025 9323 / पटना, दिनांकः– 29.8.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–99 / 2025 9323 / पटना, दिनांकः– 29.8.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–99 / 2025 9323 / पटना, दिनांकः– 29.8.25

निबंधित

प्रतिलिपिः– **M/S V.S. Construction (Regd. No-1250091, PAN-FEGPS9867L)** S/O-Ram Vichar Singh, Santoshi Maa Path, Gali No-10 Gaurakshani, PS+PS-Sasaram, Dist-Rostas, Pin-821115को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25
अभियंता प्रमुख